Amundi
ASSET MANAGEMENT

निवेशक के लिये मुख्य जानकारियाँ

इस दस्तावेज़ में इस FCPE के निवेशकों के लिये आवश्यक जानकारियाँ दीगई है। यह किसी विज्ञापन-संबंधी दस्तावेज़ के बारे मेंन हीं है। इस दस्तावेज़ में आपको एक कानूनी दायित्व के अंतर्गत इस FCPE में निवेश व संबन्धित जोख़िमों को जानने में सहायता करने के प्रयोजन से आवश्यक जानकारियाँ दी जा रही हैं। हमारा परामर्श है कि कृप्या निवेश संबन्धित उचित निर्णय लेने से पूर्व इसे पढ़ें।

ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना रिले 2020

AMF कोड : (C) 990000124079

इस कॉर्पोरेट म्यूचुअल फ़ंड (FCPE) का फ्रेंच कानून के अंतर्गत कर्मचारी बचत फ़ंड के रूप में आमुँदी FCPE ग्रुप की कंपनी, आमुन्दी एसेट मैनेजमेंट, द्वारा प्रबंधन किया जाता है।

निवेश के उददेश्य और नीति

यह कॉर्पोरेट म्युचुअल फ़ंड एक FCPE रिले है। इसकी संरचना लॉरियल ग्रुप के कर्मचारियों से आरक्षित पूंजी वृद्धि हेतु सब्स्क्राईब करने की प्रतिज्ञा प्राप्ति हेतु की गई है।

भविष्य में कंपनी के शेयरों में निवेश हेतु प्राप्त राशिओं को एक दूरदर्शी पद्दती के तहत निवेश किया जायेगा। इस प्रबंधन में पूंजी, ब्याज दर और प्रतिष्ठा में हानि के जोख़िम की संभावना होती है।

FCPE के माध्यम से पूंजी वृद्धि हेतु सब्स्क्रिप्श्न करने के उपरान्त, इसका उद्देश्य फ़ंड द्वारा निवेश किये गये ल'ऑरियल कंपनी के शेयर मूल्यों में वृद्धि और गिरावट से प्रभावित होने वाले प्रदर्शन पर ध्यान रखना होगा। अब से, FCPE में पूंजी ह्रास व ब्याज दर में कमी के साथ-साथ एक ही कंपनी के शेयरों में निवेश के केन्द्रीकरण से संबन्धित गतिविधियों के जोख़िम उत्पन्न होने की संभावना रहती है। FCPE का ध्येय स्वयं को जल्द से जल्द "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE में विलय करने का होगा, जो कंपनी के सूचीगत शेयरों में किये गये निवेशकी FCPE की श्रेणी (इस DICI के साथ संलग्न शेयरधारिता FCPE का DICI) के अंतर्गत आता है।

गतिविधि की समयसारिणी :

- ✓ सब्स्क्रिप्श्न मूल्य निर्धारण की अवधि : यह मूल्य 17 अगस्त 2020 से 11 सितम्बर, 2020 तक के बीच शेयर के खुलने वाले मूल्यों में से निम्न छूट के उपरांत प्राप्त मूल्यों के औसत के बराबर होगा : 20%
- ✓ सब्स्क्रिप्श्न मूल्य सूचना की तिथि : 14 सितम्बर 2020
- ✓ कटोती/सब्स्क्रिप्श्न की अवधि : 17 सितम्बर, 2020 से 2 अक्टूबर, 2020 तक
- ✓ पूंजी वृद्धि की तिथि : 3 नवम्बर, 2020

ओवरसब्स्क्रिप्श्न की स्थिति में कटोती की शर्तें जानने के लिये कृप्या FCPE के नियम देखें। कुल आय और मूल्य वर्धन का पुन: निवेश अनिवार्य है।
आप दैनिक स्तर पर अपने शेयरों की अदायगी मांग सकते हैं, FCPE के नियमों में वर्णित शर्तों के अनुसार विमोचन की गतिविधियां प्रतिदिन की जायेगी।

शुल्क

इस FCPE के शुल्कों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु कृप्या www.amundi.com इंटरनेट साइट पर उपलब्ध इसके भुगतान के "frais" शीर्षक का अवलोकन करें।

उपयोगी जानकारियाँ

FCPE रिले की उपयोगी जानकारियाँ शेयरधारिता के FCPE जैसी ही होने के कारण अधिक जानकारियाँ प्राप्त करने हेतु FCPE के DICI का अवलोकन करें।

इस FCPE की संरचना ल'ऑरियल ग्रुप के कर्मचारियों की शेयरधारिता की उस अंतर्राष्ट्रीय योजना की रूपरेखा के अनुसार की गई है, जिसकी यह एक भाग है, और अलग नहीं हो सकती है। यह केवल कर्मचारियों और जारीकर्ता के शेयरधारिता प्रस्ताव के लाभार्थिओं के लिये आरक्षित है।
वर्तमान FCPE अमेरिका के निवासियों/"U.S. व्यक्ति" (व्याख्या के लिये प्रबंधन कंपनी की इंटरनेट साइट देखें : www.amundi.com) के लिये प्रस्तावित नहीं है।

आमुन्दी एसेट मैनेजमेंट का दायित्व केवल वर्तमान दस्तावेजों में सम्मिलित घोषणा पत्रों के आधार पर ही निर्धारित किया जा सकता है, जो FCPE नियमों के अंतर्गत चलने वाली एजेंसियों के प्रति गलत, अनिश्चित अथवा असंगत होगा।

....

यह FCPE फ्रांस में अनुमोदित है और वित्तीय व्यापार प्राधिकरण द्वारा नियमित किया जाता है।

आमुन्दी एसेट मैनेजमेंट कंपनी का प्रबंधन फ्रांस में अनुमोदित है और वित्तीय व्यापार प्राधिकरण द्वारा नियमित किया जाता है। इस दस्तावेज़ में वर्णित मुख्य जानकारियाँ निवेशक के लिये ठीक है और 4 मई 2020 तक अपडेट की गई है।